## 21 विद्यार्थियों को गणवेश की सेवा दी

**अजमेर,** (कांस)। आओ गांव चले सेवा करे एवं आवश्यकता अनुरूप सेवा के अंतर्गत विश्व के सबसे बड़ा सेवा संगठन लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की शाखा लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा बुधवार को समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल, लायन अतुल पाटनी के सहयोग से अजमेर के अंचल में स्थापित राजकीय प्राथमिक विद्यालय रुवालिया दडा किशनपुरा ग्राम पंचायत तिलोरा पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण में शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों को गणवेश की सेवा विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार त्रिपाठी एवं शिक्षक नेमीचंद जाट के नेतृत्व में प्रदान की गई। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के संयोजन में एवं सामाजिक कार्यकर्ता गिरधर सेन एवं हरिकिशन के माध्यम से विद्यालय के 21 विद्यार्थियों को सेवा प्रदान की गई।

# आरपीएससी ने एग्रीकल्चर ऑफिसर परीक्षा की मॉडल आंसर की जारी

- अभ्यर्थी 25 अप्रैल तक करा सकेंगे आपत्ति दर्ज
- राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से एग्रीकल्चर ऑफिसर (कृषि विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 की मॉडल आंसर की जारी कर दी है

**अजमेर,** (कांस)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से एग्रीकल्चर ऑफिसर (कृषि विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 की मॉडल आंसर की जारी कर दी है। आयोग ने अभ्यर्थियों को मॉडल आंसर-की पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए निर्धारित शुल्क के साथ 25 अप्रैल देर रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। आरपीएससी आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि मॉडल आंसर-की पर आपत्ति दर्ज 23 से 25 अप्रैल तक दर्ज कराई जा सकती है। आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी।

उक्त परीक्षा का मॉडल प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही दर्ज करानी होगी। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज कराता है, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए आपत्ति शुल्क एक सौ रुपए (सेवा शुल्क अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन आब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी। आयोग द्वारा शुल्क वापस लौटाने का प्रावधान नहीं है। आपत्तियां केवल ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक 23 से 25 अप्रैल तक रात्रि 12 बजे तक ही उपलब्ध रहेगा। निर्धारित समयावधि के बाद लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।

## ग्राम साथिन बहनों ने रैली निकाली

**भीलवाड़ा** । भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध भारतीय ग्राम साथिन कर्मचारी संघ भीलवाडा के बैनर तले जिले के सैकडों ग्राम साथिन बहनों ने रैली प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ की जिलाध्यक्ष कमला बैरवा, माया प्रजापत ने बताया कि ग्राम साथिन बहने 64 तरह की सरकारी योजनाओं को ठाामीण स्तर पर हर महिला तक एवं आमजन तक पहुॅचा रही है, बदले में सरकार 5500 रूपये मात्र का मानदेय देती है। हमने सरकार से यह मांग की है कि हमें स्थायी करें 18000 रू मासिक देवें, पेन्शन तथा सामाजिक महिला प्रचेता खण्ड पर अनुभवी साथिनों को पदौन्नत करें, नये बने नगर निगम/नगर परिषद के परिसीमन में जो भी ठााम पंचायतो को मर्ज किया है उसमें साथिनों को यथावत रखा जावे। धरने रैली को भामस के वरिष्ठ नेता प्रभास चौधरी जिला मंत्री हरीश सुवालका ने सम्बोधित कर कहा कि आपकी सभी मांगे जायज है, इसके लिए आप संगठन को मजबूत करें अन्यथा कोई सरकार आपकी सुनेगी नहीं । धरने में तहसील से आई अणछी रेगर, भंवर कंवर, सुंदर तेली, निरमा जीनगर, लीला सुवालका, शारदा पारीक, गायत्री शर्मा, इन्द्रा वैष्णव, शारदा शर्मा, इन्द्रा सोनी, पप्पू कंवर, ममता शर्मा, जगदीश कंवर, सपना बुनकर, मन्जू रेगर, ज्योति शर्मा, ममता धाकड, माया शर्मा, उर्मिला, राजकुमारी शर्मा सहित कार्यसमिति सदस्य राजेश जीनगर, किशन गुर्जर आदि उपस्थित थे।

## दरगाह से आतंकी हमले पर संवेदनात्मक संदेश

**अजमेर,** (कांस)। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह से जम्मू कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 28 निर्दोष लोगों की हत्या और घायलों की शीघ्र स्वस्थ के लिए अंजुमन कमेटी द्वारा संवेदनात्मक संदेश जारी किया। वहीं भाजपा अल्पसख्यंक मोर्चा द्वारा दरगाह में विशेष दुआ कर मृतकों की आत्मशांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने तथा परिजन को धैर्य के लिए दुआ मांगी। ख्वाजा साहब की दरगाह से जुड़ी अंजुमन सैय्यद जादगान के सचिव सरवर चिश्ती और चिश्ती फाउडेशन के अध्यक्ष सैय्यद सलमान चिश्ती ने आतंकी हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह हमला न केवल निर्दोष पर्यटकों पर किया गया।


**मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर**
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302017
पीएचडी और मास्टर डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश 2025-26

एफ.4/ए-1-1/2025-26/अकादमिक/पीएचडी/01
सभी विभागों/केंद्रों में विषम सेमेस्टर 2025-26 (जुलाई 2025) के लिए पीएचडी और एम.टेक./एम. प्लान. (प्रायोजित पूर्णकालिक /अंशकालिक) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। अधिक जानकारी के लिए www.mnit.ac.in पर जाएँ। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2025 है।
CBC 21312/12/0003/2526 रजिस्ट्रार



क्षेत्रीय कार्यालय
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, भीलवाडा**
Email- rorpcb.bhilwara@gmail.com www.environment.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जन सुनवाई/2024/भीलवाड़ा/क्षे.का.रा.प्र.नि.म/214/196-204 दिनांक:- 16/04/2025
**पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैसर्स **ओम सांवरिया सेठ ग्रेनाइट** द्वारा **एम. एल. न.- 73/2023**, रेफ. न. -20231000097105, **क्षेत्रफल 1.3109 हेक्टेयर, ग्रेनाइट उत्पादन-142857 टन प्रति वर्ष** (आर.ओ.एम.) **(क्लस्टर क्षेत्रफल 141.9833 हेक्टेयर खनिज अभियन्ता के प्रमाण पत्र दिनांक 22.03.2024 के अनुसार) निकट ग्राम-कटार, तहसील आसींद जिला-भीलवाड़ा में ग्रेनाइट** के उत्पादन हेतु प्रार्थना पत्र से सम्बंधित प्रस्तावित परियोजना बाबत पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। 2. और चूंकि कि है मैसर्स ओम सांवरिया सेठ ग्रेनाइट, द्वारा उक्त परियोजना के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में पर्यावरणीय जनसुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। 3. और चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के अनुसरण में जनसुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है। 4. उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं:- 1. कार्यालय जिला कलक्टर, भीलवाड़ा 2. कार्यालय जिला परिषद, भीलवाड़ा 3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 4,पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी, जयपुर 4. पर्यावरण विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान सरकार, जयपुर 5. कार्यालय जिला उद्योग केंद्र, भीलवाड़ा 6. कार्यालय खान एवं भू विज्ञान विभाग, भीलवाड़ा 7. क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय I-209 एवं 218, अरण्य भवन, महात्मा गांधी मार्ग, झालाना इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र, जयपुर 8. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाड़ा 9. **राजीव गॉंधी सेवा केंद्र ग्राम पंचायत कटार, पंचायत समिति आसींद, तह. आसींद, जिला भीलवाड़ा** अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आप उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बंधित जन सुनवाई हेतु **दि. 30.5.2025 राजीव गॉंधी सेवा केंद्र ग्राम पंचायत कटार, पंचायत समिति आसींद, तहसील आसींद, जिला-भीलवाड़ा में 3 बजे** उपस्थित होकर अपने लिखित एवं मौखिक सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। इस सम्बंध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल भीलवाडा में भी प्रस्तुत कर सकते हैं।
क्षेत्रीय अधिकारी **रा. प्र. नि. मं. भीलवाड़ा**


# भीलवाड़ा में चौकीदार की खुरपे से युवक ने की हत्या

- देर रात एक युवक ने बेरहमी से हत्या कर दी। कातिल ने चौकीदार के गुप्तांग पर भी हमला किया

**भीलवाड़ा।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित अय्यपा मंदिर के चौकीदार का देर रात एक युवक ने बेरहमी से हत्या कर दी। कातिल ने चौकीदार के गुप्तांग पर भी हमला किया। सूचना मिलने के 1 घंटे के भीतर ही कत्ल के आरोपी को भी डिटेन कर पुलिस ने गहनता से जांच शुरू की है।

सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि रमा विहार कॉलोनी में स्थित अय्यप्पा मंदिर में चौकीदारी करने वाले मलाण निवासी लाल सिंह रावणा राजपूत (54) की रात में चौकीदारी करने के दौरान करीब 1:50 बजे एक युवक मंदिर पर पहुंचा जहां उसने चौकीदार पर खुरपे से हमला कर दिया। इस हमले में लाल सिंह की मौत हो गई। हत्या की सूचना रात करीब 2:30 बजे सुभाष नगर पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस उपअधीक्षक श्याम सिंह बिश्नोई, सुभाष नगर थाना प्रभारी गुर्जर मय जाप्ता मौके पर पहुंचे, जहां मंदिर परिसर में चौकीदार की खून से सनी लाश मिली।

मृतक के सिर वह गुप्तांग पर गंभीर चोटों के निशान थे। पुलिस ने वारदात स्थल का निरीक्षण कर कातिल की तलाश शुरू की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने चौकीदार की हत्या के आरोप में आरोपित को डिटेन कर लिया।आरोपी प्रताप नगर थाना क्षेत्र में रहने वाला दीपक नायक बताया जा रहा है। पुलिस आरोपित से कत्ल को लेकर गहन पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया हैं । हत्या की यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। वहीं दूसरी ओर रावण राजपूत समाज ने मृतक लाल सिंह के आश्रितों को 51 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग करते हुए एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने आरोपी दीपक को डिटेन करते हुए गहनता से पूछताछ शुरू कर दी है। वही शाम करीब 4 बजे तक चले प्रदर्शन के बाद उचित मुआवजे के आश्वासन पर मामला शांत हो पाया।

## पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

**शाहपुरा** । उपतहसील क्षेत्र ढिकोला में आज नायब तहसीलदार रामप्रसाद मीणा को रास्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन में बताया कि कल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला बेहद शर्मनाक ओर कायराना हरकत है।निर्दोष ओर निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाना मानवता के खिलाफ अपराध है।

जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।भारत सरकार को आतंकवाद को रोकने के लिए कठोर व ठोस निर्णायक कदम उठाने जरूरी है।ताकि मासूम नागरिकों की जान यू न गवानी पड़े।भारत सरकार ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाकर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें।इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष मनीष नायक,सरपंच प्रतिनिधि गणपत खटीक, कोषाध्यक्ष अभिषेक पाराशर,ठाामीण मण्डल उपाध्यक्ष सन्दीप पटवारी,समाज सेवी गोपाल भाट,युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सुरेश भाट,राजीव गांधी जिला अध्यक्ष परमेश्वर जागेटिया, विशाल शर्मा, भेरू खटीव मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ

**भीलवाड़ा** । शहर के मंगरोप रोड स्थित ओम शान्ति सेवा संस्थान वृद्धाश्रम बुधवार को भक्ति और श्रद्धा के अद्भुत संगम का साक्षी बना। श्री निबार्क पारमार्थिक सेवा संगठन (ट्रस्ट) के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसकी शुरुआत हरणी महादेव मंदिर से निकली भव्य विशाल कलश शोभायात्रा के साथ हुई। सुबह 10 बजे, हरणी गांव की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साह और भक्ति के रंग में रंगी इस शोभायात्रा में भाग लिया। अपने सिर पर सजे मंगल कलशों को धारण किए, महिलाएं भक्तिमय भजनों की मधुर धुनों पर थिरकती हुई कथा स्थल की ओर आगे बढ़ीं।

इस दिव्य यात्रा के दौरान वातावरण पूरी तरह से भक्ति और श्रद्धा के रस में डूबा हुआ था। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे भगवान कृष्ण के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था, जो हर किसी के मन में एक अलौकिक आनंद का संचार कर रहा था। दोपहर में कथा मंडप में श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। निम्बार्क आश्रम के महंत, कथावाचक मोहनशरण शास्त्री ने अपनी ओजस्वी वाणी से भागवत महात्म्य का सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने भागवत कथा के श्रवण के महत्व और इसके अनगिनत लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। शास्त्री जी ने कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि जीवन को सही दिशा और परम आनंद की ओर ले जाने का एक दिव्य मार्ग है। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी, जिसमें श्रीमद् भागवत के विभिन्न भक्तिमय प्रसंगों का रसपान कराया जाएगा। श्रद्धालुओं को शुकदेव-परीक्षित संवाद, अनेक भक्तों के पावन चरित्र, भगवान के विभिन्न अवतारों की मनोहारी कथाएं और भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक लीलाओं का श्रवण करने का अवसर मिलेगा।

आयोजन समिति के विपिन दीक्षित ने इस अवसर पर बताया कि कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन और फूलों की होली विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पीले और रुक्मणी विवाह के दिव्य दिन लाल वस्त्र धारण कर इस उत्सव की दिव्यता को और बढ़ाने का आठाह किया है। इस भव्य शुभारंभ और कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धा ने यह स्पष्ट कर दिया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ न केवल हरणी वृद्धाश्रम के निवासियों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अनुभव साबित होगा। यह आयोजन भक्ति, ज्ञान और सामुदायिक सद्भाव का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

## महिलाओं ने अपनी-अपनी पंचायतों की समस्याएं जिला प्रमुख बताई

- जिला प्रमुख सिलोरा पंचायत समिति के 33 गांवों की ग्राम सखी, सुरक्षा सखी महिलाओं से मिली

अजमेर, (कांस)। जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सेन्टर फॉर एडवोकेसी एण्ड रिसर्च संस्था के बैनर तले सिलोरा पंचायत समिति के 33 गांवों से ग्राम सखी, सुरक्षा सखी, और महिला सपोर्ट ग्रुप की महिलाओं ने अपनी-अपनी पंचायतों की समस्याएं प्रस्तुत कीं। महिलाओं ने विभिन्न समस्याओं को जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा के समक्ष रखा, जिनमें प्रमुख रूप से महिला सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रीट लाइट की कमी, नरेगा कार्यों का बंद होना, सार्वजनिक शौचालयों की अनुपलब्धता, और पेयजल संकट शामिल थे। जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा ने संस्था द्वारा प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अजमेर को निर्देष प्रदान किये साथ ही कहा कि प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में गांवों की अन्य समस्याओं की सूची बनाकर प्रस्तुत की जा सकती है, उन्होंने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और आश्वासन दिया कि जनसुनवाई में उठाए गए सभी मुद्दों पर त्वरित समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। सभी ग्राम सखियों ने कहां कि जिला प्रमुख जनसुनवाई न केवल ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को उजागर करने का एक प्रभावी माध्यम बनी, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनकी सक्रिय भागीदारी को भी रेखांकित करती है।

## दही हाण्डी 15 किलों पैक में शुरु

**भीलवाड़ा** । सरस डेयरी परिसर में प्रबन्ध संचालक बिमल कुमार पाठक के द्वारा सरस दही हाण्डी 15 किलों पैक का शुभारम्भ किया गया। प्रबन्ध संचालक पाठक ने बताया गया कि उक्त बल्क पैक विशेषत: सामाजिक कार्यक्रमों/ शादियों , त्यौहारों एवं विशेष आयोजन पर केटर्स / होटल व्यवसायी/ हलवाईयों की अत्यधिक मांग को मध्यनजर रखते हुये प्रारम्भ किया गया, जिसकी उपभोक्ता दर 825/ -रूपये निर्धारित की गयी है। पूर्व में भीलवाडा डेयरी द्वारा सरस दही 100/200 ठााम कप और 200 / 500 ठााम पॉलीपैक व 05 किलों हाण्डी पैक साईज में उपलब्ध कराया जा रहा है इसी श्रृखंला में नवाचार के तहत सरस दहीं 15 किलों हाण्डी पैक में भी उपलब्ध होगा। उक्त कार्यक्रम में त्रिभुवन पाटीदार प्रभारी विपणन, शुभम कुमार जैन प्रभारी सम्पदा सहित अन्य विभागाध्यक्ष एंव विपणन विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# कलाकारों की प्रस्तुतियां 25 से

- विद्यालयों में अन्तराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुतियां होगी

**भीलवाड़ा** । स्पिक मैके (सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इण्डियन क्लासिकल म्यूजिक एण्ड कल्चरल एमगंस्ट यूथ) एवं जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के सभी स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालयों में अन्तराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुतियां होगी। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कैलाश पालिया ने बताया कि वर्ष 2023 में जिले के पूर्व जिला कलेक्टर एवं वर्तमान में शिक्षा निदेशक आशीष मोदी की पहल पर तथा 2024 में जिला कलेक्टर नमित मेहता एवं इस वर्ष 2025 में वर्तमान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह सन्धु के नवाचार के तहत 25 अप्रैल 2025 से 03 मई 2025 तक जिले के सभी मॉडल विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के मानसिक तनाव को शास्त्रीय संगीत एवं नृत्यों से दूर किया जायेगा। स्टेट कोर्डिनेटर अन्नु प्रजापत ने बताया कि दिनांक 15 व 26 अप्रैल 2025 को विश्व नृत्य दिवस 2025 के उपलक्ष में प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना संगीता दस्तीदर जहाजपुर, शाहपुरा, कोटड़ी व बनेडा तथा 30 अप्रैल व 01 मई 2025 को विश्व प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यकार विद्वान पर्वत श्वेन सुवाणा, माण्डलगढ़, रायपुर व सहाड़ा में तथा 02 व 03 मई 2025 को विश्व प्रसिद्ध दक्षिण भारत के कुड्डीअट्टम कलाकार विद्वान मार्गीमधु चकियार तस्वारिया, माण्डल व हुरडा में अपनी प्रस्तुतियां देगें।


वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE

**तिमाही रिटर्न मासिक भुगतान योजना (क्यू.आर.एम.पी)**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ₹ 5 करोड़ तक के सकल वार्षिक टर्नओवर वाले छोटे करदाताओं के लिए व्यापार सरल बनाने की दिशा में कदम

क्यू.आर.एम.पी योजना का लाभ उठाने के इच्छुक पात्र करदाता जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा इस योजना का विकल्प चुन सकते हैं:

करदाता इंटरफेस पर लॉग इन करें

Services>Returns>Opt-in for quarterly return पर जाएं

**वर्तमान में क्यू.आर.एम.पी योजना का लाभ उठा रहे करदाताओं को योजना के लिए पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है**

— लाभ —

- तिमाही में सिर्फ एक बार जी.एस.टी. स्टेटमेंट/रिटर्न फॉर्म, जी.एस.टी.आर.-1 और फॉर्म जी.एस.टी.आर.-3बी में फाइल करें
- योजना को अपनाना/ छोड़ना सरल
- फ्लेक्सिबल इनवॉयस दाखिल करने की सुविधा का लाभ उठाएं
- तिमाही के पहले दो महीनों में फिक्स्ड सम विधि (पहले से भरा हुआ चालान) अथवा स्वयं मूल्यांकन विधि (ITC को सम्मिलित करके वास्तविक करदेयता) द्वारा मासिक कर का सरलतापूर्वक भुगतान करने की सुविधा
- हर तिमाही में एक बार ITC और कर का स्वयं-मूल्यांकन

वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही से क्यू.आर.एम.पी योजना का विकल्प चुनने की अंतिम तिथि

**30 अप्रैल, 2025**

पात्र पंजीकृत व्यक्ति किसी तिमाही के लिए योजना का विकल्प, उसकी पिछली तिमाही के दूसरे महीने के पहले दिन से लेकर तिमाही के पहले महीने के अंतिम दिन तक चुन सकता है

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिसूचना सं. 81 से 85/2020-केंद्रीय कर और परिपत्र सं. 143/13/2020-जीएसटी दिनांक 10.11.2020 को देखें



जीएसटी रिटर्न दाखिल करनाः तीव्र, आसान और सरलीकृत

क्यू.आर.एम.पी योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें

CBC 15502/13/0003/2526

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
@cbicindia @cbic_india @cbicindia @CBICINDIA CBIC India